हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 30 जून 2024

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 परिजनों का आरोपः डॉक्टरों की लापरवाही...



07 किसानों से मिलने पहुंचे विधायक ने सुनी...



### स्कूली शिक्षा विभाग ने नई प्रवेश नीति की जारी

# स्कूलों में नौवीं कक्षा में 13 वर्ष से कम उम्र के विद्यार्थी नहीं ले सकेंगे प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मप्र बोर्ड के सरकारी व निजी स्कूलों में नौवीं कक्षा में 13 साल से कम उम्र के विद्यार्थी प्रवेश नहीं ले सकेंगे। नौवीं कक्षा में प्रवेशित वर्ष में विद्यार्थी की उम्र 13 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने वर्ष 2024-25 के लिए नौवीं से 12वीं तक की प्रवेश नीति को जारी कर दिया है।

प्रदेश के सभी स्कूलों में अब नौवीं कक्षा में प्रवेश एक अप्रैल की स्थिति में 13 साल से कम उम्र में नहीं दिया जाएगा। साथ ही नर्सरी कक्षा में तीन साल से साढ़े चार वर्ष की उम्र में बच्चों को प्रवेश मिलेगा। प्रवेश के लिए उम्र की समय-सीमा को माशिमं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप तय किया है। अभी तक स्कूलों में पहली कक्षा में दिया गया गलत उम्र में प्रवेश नौवीं के नामांकन में परेशानी बन गया था। दरअसल म.प्र. स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पहली में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु पांच वर्ष की थी।राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा भी हर साल जारी निर्देशों में पांच वर्ष की न्यूतनम आयु के विद्यार्थियों को पहली कक्षा में प्रवेश देने के लिए सत्र की शुरुआत में निर्देश जारी करता था। इसके अनुसार माशिमं भी नौवीं के नामांकन में न्यूनतम आयु 13 साल (5 प्लस 8) था, लेकिन कई विद्यार्थी सरकारी स्कूलों में आठवीं तक 12 वर्ष तक के थे। वर्तमान में माशिमं में नौवीं के नामांकन का कार्य चल रहा है। जिसमें 31 दिसंबर 2010 के बाद के जन्म लेने वाले विद्यार्थियों का नौवीं में नामांकन नहीं हो रहा है। इससे हजारों की संख्या में विद्यार्थियों का अभी तक नामांकन नहीं हो पाया है,जबकि नामांकन की अंतिम तिथि मंडल ने 30 सितंबर तक निर्धारित की है। वहीं नीति में 10वीं में बेस्ट आफ फाइव योजना समाप्त कर कुछ नए नियम जारी किए हैं। अब 10वीं के विद्यार्थी तीन भाषा के विषय में से कोई दो ले सकते हैं। एक विषय के रूप में नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क(एनएसक्यूएफ) से एक विषय लेना होगा।




## पहली में गलत उम्र में प्रवेश देने के कारण आ रही थी विसंगति

अभी तक मप्र स्कूल शिक्षा विभाग प्रारंभिक कक्षा के नाम पर बच्चों को तीन से पांच साल की उम्र में आंगनबाड़ी में प्रवेश दिलाता था। इसके बाद विद्यार्थी न्यूनतम पांच से सात साल की उम्र में पहली कक्षा में प्रवेश लेते हैं। आठवीं पास करने के बाद विद्यार्थियों की उम्र 13 साल होना चाहिए, लेकिन राज्य शिक्षा केंद्र ने पहली में न्यूनतम आयु पांच वर्ष से कम उम्र के विद्यार्थियों के प्रवेश भी ले लिए इससे आठवीं तक निरंतर पढ़ते हुए हर साल हजारों विद्यार्थियों की उम्र 12 साल के आसपास रहती है। अब इन विद्यार्थियों का नौवीं में नामांकन 13 साल से कम उम्र होता था।साथ ही मप्र बोर्ड के कई निजी स्कूल दो या ढाई साल की उम्र में ही बच्चों का प्रवेश नर्सरी कक्षा में ले लेते थे।

### 10वीं में वोकेशनल का एक विषय ले सकते हैं

मप्र बोर्ड के 10वीं परीक्षा में शामिल विद्यार्थी भाषा के तीन विषय हिंदी, अंग्रेजी व संस्कृत में से एक को छोड़ सकते हैं। इसके स्थान पर एक विषय वोकेशनल का चयन कर सकते है। इस साल परीक्षा में बेस्ट आफ फाइव समाप्त रहेगी। 10वीं में कुल छह विषयों की परीक्षा होगी। दो विषयों में पूरक मिलेगी।

### ये है उम्र का निर्धारण

- प्रवेश के लिए कक्षा – न्यूनतम आयु( एक अप्रैल की स्थिति में)
- नर्सरी –न्यूनतम आयु तीन वर्ष एवं अधिकतम आयु साढ़े चार वर्ष
- केजी–1 –न्यूनतम आयु चार वर्ष एवं अधिकतम आयु साढ़े पांच वर्ष
- केजी–2 –न्यूनतम आयु पांच वर्ष एवं अधिकतम आयु साढ़े छह वर्ष
- पहली –न्यूनतम आयु छह वर्ष एवं अधिकतम आयु साढ़े सात वर्ष

### नामांकन नहीं होगा

स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2024 - 25 के लिए प्रवेश की नई नीति जारी की गई है जिसके तहत अब किसी भी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में कक्षा नौवीं में उन विद्यार्थियों का प्रवेश होगा जिनकी उम्र अप्रैल 2024 तक 13 वर्ष पूर्ण हो चुकी है। नहीं तो संबंधित छात्र का पोर्टल पर नामांकन नहीं हो पाएगा

**दिनेश त्रिवेदी,बीईओ,** विकासखंड नलखेड़ा जिला आगर मालवा

# आकाशीय बिजली से सुरक्षा के लिए मां बगलामुखी मंदिर पर लगा तड़ित चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा


आकाशीय बिजली गिरने की घटना के दो वर्ष बाद भी जिम्मेदार नहीं ले रहे सुध

मां बगलामुखी मंदिर पर तड़ित चालक लगाने के लिए नहीं उठाए कदम

अन्य कार्य हो रहे है तो तड़ित चालक क्यों नहीं लग रहा

प्रतिवर्ष बदल जाते हैं अधिकारी नए को नहीं होती जानकारी

इनका कहना है

हरिभूमि द्वारा समाचार प्रकाशन के बाद आकाशीय बिजली से सुरक्षा के लिए विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर तड़ति चालक लगवाया गया। हरिभूमि द्वारा गत 2 जून को प्रमुखता से समाचार प्रकाशन कर दो वर्ष पूर्व विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर आकाशीय बिजली गिरने के बाद भी तड़ति चालक नही लगाए जाने का मामला उठाया गया था। समाचार प्रकाशन के बाद मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति हरकत में आई व आकाशीय बिजली से सुरक्षा के लिए मां बगलामुखी मंदिर पर शुक्रवार देर शाम तड़ति चालक लगवाया गया। गौरतलब है कि दो वर्ष पूर्व वर्षाकाल के दौरान ही मंदिर पर आकाशीय बिजली गिरने की घटना



हो चुकी है जिसमे गर्भगृह को मामूली नुकसान पहुंचा था। तब से लगाकर इस वर्ष तक समाचारों के माध्यम से मंदिर की सुरक्षा के लिए तड़ति चालक लगाने को लेकर जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट किया जा रहा था। मां बगलामुखी मंदिर समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम मिलिंद ढोके ने बताया कि माता मंदिर को आकाशीय बिजली से सुरक्षा के लिए तड़ित चालक लगाया गया है।

# 4 दिन पूर्व किले की दीवार से गिरी गाय की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरकार प्रतिदिन गौरक्षा, घायल गायों के समुचित उपचार, उन्हें सुरक्षित आशियाना देने का दावा कर रही है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। घायल गाय को उठाकर सुरक्षित स्थान पर नही ले जाने के कारण उसे लगातार कुत्तों के काटने से उसकी मौत हो गई। बुधवार को नगर के पुरातन किले की दीवार से गिर कर एक गाय गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसकी रीढ़ की हड्डी व पैर टूट गया था। रहवासियों द्वारा उसका उपचार भी करवाया जा रहा था लेकिन प्रशासन द्वारा घायल



गाय को सुरक्षित स्थान पर नही ले जाने से वह घायल अवस्था मे सड़क पर ही पड़ी रही। इस दौरान आवारा कुत्तों के लगातार काटने से शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात उसकी मौत हो गई। गौरतलब है कि नगर में दो दो गोशालाएं संचालित होती है, दोनों गोशालाओं को सरकार की ओर से अनुदान भी प्राप्त होता है बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन के नुमाइंदों द्वारा गंभीर रूप से घायल गाय को सड़क से उठाकर किसी भी गौशाला में सुरक्षित रूप से नही भेजा गया। नतीजन आवारा कुत्तों ने उसे अपना निशाना बना लिया जिससे उसकी मौत हो गई। गौरक्षा का दावा करने वाली सरकार को अब ऐसे लापरवाह व असंवेदनशील कर्मचारियों, अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करना चाहिए। जिनकी लापरवाही के कारण एक गाय असमय मौत के मुंह में चली गई।

# कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को दिए आवश्यक निर्देश

## डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण परियोजना खरीफ-2024

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

किसान हित में फसल गिरदावरी कार्य में पारदर्शिता लाने हेतु डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ किया गया है। इस परियोजना में किसान बंधु नवीन तकनीक से अपनी गिरदावरी को देख सकेंगे। यही नहीं फसल नुकसान की दशा में किसानों को बीमा राशि भी अविलंब प्राप्त हो जाएगी। परियोजना में सैटेलाइट इमेज द्वारा संभावित फसल की जानकारी भी प्राप्त की जा सकेगी। इससे किसानों को उपार्जन में सहायता मिलेगी। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण मौसम खरीफ-2024 के संबंध में समस्त तहसीलदारों को पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण परियोजना खरीफ-2024 द्वारा ग्राम में उपलब्ध स्थानीय युवा के माध्यम से नवीन तकनीक (जियो फेंस) का उपयोग कर कराया जाएगा। खेत में जाकर फसल का फोटो खींचने की प्रक्रिया आसानी से पूर्ण हो जाएगी। सर्वेयर द्वारा खींची गयी फ़ोटो की जियो टैगिंग भी होगी, अतः अनिवार्य रूप से खेत में जाकर क्रॉप सर्वे करना होगा और साक्ष्य के रूप में फसल की फ़ोटो भी उपलब्ध रहेगी। इससे कृषक भी अपनी गिरदावरी को देख सकेंगे और आपत्ति भी दर्ज कर सकेंगे। इस प्रकार नवीन तकनीक का उपयोग कर ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित की जा सकेगी। इसके साथ ही सैटेलाईट इमेज से भी संभावित फसल की जानकारी प्राप्त कर उसका तुलनात्माक अध्ययगयन किया जाएगा ।

## पश्चिम बंगाल युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद सौमित्र खान पहुंचे मां के दरबार में

**नलखेड़ा।** पश्चिम बंगाल के भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष एवं विष्णुपुर से सांसद सौमित्र खान विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे।



शनिवार को सांसद सौमित्र खान सपरिवार मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहाँ उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर विशेष पूजन किया गया। पूजन पश्चात सपरिवार विशेष हवन अनुष्ठान भी किया गया। हवन पूजन के बाद सांसद सौमित्र सिद्धपीठ के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम पहुंचे जहां उनके द्वारा संत श्री सांदीपेंद्र जी महाराज से सौजन्य भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## हाट बाजार में आचार की कच्ची केरी की हुई जमकर बिक्री

**नलखेड़ा।** अभी क्षेत्र में मानसून की वर्षा नहीं हुई है। किसान अच्छी वर्षा की आस में आसमान की ओर देख रहे है। अच्छी वर्षा नहीं होने के बाद भी शनिवार को हाट बाजार में आचार की कच्ची केरी की जमकर बिक्री हुई। आम तौर पर मानसून की अच्छी वर्षा के बाद नागरिक कच्ची केरी का आचार डालते है लेकिन इस वर्ष क्षेत्र में मानसून की दस्तक भी नहीं हुई और हाट बाजार में बड़ी मात्रा में कच्ची केरी विक्रय के लिए आ गई। जहां नगरवासियों के साथ ही ग्रामीणों ने जमकर खरीदी। हाट बाजार में कच्ची केरी 40 से 80 रुपये प्रति किलो के भाव से बिकी।



# विश्व शांति के लिए सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में तीन दिवसीय शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय दिगंबर जैन समाज द्वारा चौक बाजार स्थित 1008 श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में तीन दिवसीय शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन शनिवार से प्रारंभ हुआ। समाज के शैलेंद्र जैन ने बताया कि 29 जून से 1 जुलाई तक श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर विश्व शांति के लिए तीन दिवसीय शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन सकल दिगंबर जैन समाज नलखेड़ा द्वारा प्रारंभ किया गया है। मंडल विधान के तहत शनिवार को झंडा रोहण करने का लाभ सौभाग्यमान पांडिया परिवार को प्राप्त हुआ। इसके बाद इंद्र का चयन बोली के माध्यम से हुआ जिसमें सर्वाधिक बोली लगाकर सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य आशीष प्रियंका पांडिया परिवार , महेंद्र इंद्र बनने का सौभाग्य प्रशांत योगिता पांडिया, ईशान इंद्र बनने का सौभाग्य पवन ममता पांडिया परिवार, कुबेर इंद्र बनने का सौभाग्य नवीन निधि पांडिया परिवार, ब्रह्म इंद्र बनने का सौभाग्य कमल सीमा सोगानी परिवार, सनत कुमार इंद्र बनने का सौभाग्य निलेश नीता पांडिया परिवार, यज्ञ नायक प्रेमचंद चेलावत परिवार को प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि धार्मिक आयोजन के तहत शनिवार को मूलनायक भगवान का





अभिषेक प्रातः 6.45, शांति धारा सुबह 7.15, ध्वजारोहण कार्यक्रम सुबह 7.30 बजे, नित्य नियम पूजन 7.45 पर एवं 8 बजे विधान की पूजन प्रारंभ की गई एवं इसी के साथ जाप भी प्रारंभ हुए। 1 जुलाई को कार्यक्रम के पश्चात हवन शांति होगी एवं प्रसादी का वितरण होगा। उक्त कार्यक्रम पंडित मुकेश जैन सुसनेर के सानिध्य में संपन्न होगा। मंडल विधान पूजन के लिए मंदिर जी में सुंदर मांडले की रचना की गई है। जहां समाजजनों द्वारा प्रतिदिन श्रीजी का अभिषेक, शांति धारा, नित्य नियम पूजन किया जा रहा है। साथ ही मंडल विधान पूजन प्रारंभ हुआ।



## खबर संक्षेप

### समीक्षा कर निराकरण के आयुक्त ने दिए निर्देश

**देवास।** समयावधी पत्रों के समय सीमा मे निराकरण एवं शासन को दी जाने वाली जानकारी के संबंध मे आयुक्त रजनीश कसेरा के द्वारा 28 जून शुक्रवार को निगम अधिकारियों के साथ बैठक आहूत कर विभागीय अधिकारियों से विभागवार समयावधी पत्रों की जानकारी ली। जिसमे निगम लोक निर्माण विभाग, परियोजना विभाग, जलप्रदाय विभाग स्वच्छ भारत मिशन, भवन अनुज्ञा तथा राजस्व विभाग के समयावधी पत्रों पर चर्चा की गई साथ ही समयावधी पत्रों मे कायाकल्प योजना अन्तर्गत निर्माण कार्यो एवं चल रहे निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर फोकस किये जाने निर्देश दिये। वहीं रोबोट चौराहे के पेड स्टल पर तथा सांसद एवं विधायक निधि से किये जाने वाले निर्माण कार्यो की निविदाओं पर चर्चा की तथा जिन निविदादाताओं द्वारा अनुबंध कर लिये गये है उन्हे कार्यादेश दिये जाने तथा जिन कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाना है उनकी निविदा आमंत्रित किये जाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार स्लाटर हाउस एवं मटन मछली मार्केट निर्माण पर चर्चा कर नजूल विभाग से भूमि आवंटन पर चर्चा की। एसबीएम को लेकर आयुक्त ने सार्वजनिक मुत्रालयों की प्रतिदिन सफाई के लिए प्रथक से निविदा आमंत्रित करने के निर्देश दिये जिससे मुत्रालयों की निरंतर सफाई हो सके। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए अधिनस्थों द्वारा की गई जी.ओ. टेकिंग की जानकारी ली तथा शीघ्राताशीघ्र शेष के प्रकरणों के जी.ओ. टैकिंग करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार राजस्व विभाग मे संपत्तकिर, जलकर तथा ओद्योगिक क्षेत्र से की जाने वाली वसुली मे गति लाने के लिए दोनो राजस्व अधिकारियो को निर्देश दिये तथा संपत्तकिर, जलकर, दुकान किराया के बकायादारों के विरूद्ध न्यायालयीन प्रकरण तैयार कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आयुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को समयावधी वाले

### उपचाररत युवक की मौत के बाद परिजनों ने जिला अस्पताल में किया हंगामा

# परिजनों का आरोपः डॉक्टरों की लापरवाही के चलते गई युवक की जान, आक्रोशित भीड़ ने अस्पताल में की तोड़फोड़

### पांच डॉक्टरों की पैनल से हुआ पोस्टमार्टम, घटना के बाद एसडीएम ने दिए मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास









हमेशा सुर्खियों में बने रहने वाले जिला अस्पताल में एक बार फिर डॉक्टरों की लापरवाही देखने को मिली। कहा जाए तो जिला चिकित्सालय में आए दिन किसी ना किसी बात को लेकर डॉक्टरों की लापरवाही के किस्से सामने आते हैं। दो दिन पहले बुखार आने पर एक युवक को जिले के ग्राम रोजड़ी से उपचार के लिए परिजन जिला अस्पताल में लाए थे लेकिन शनिवार सुबह उसकी अचानक मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा कर दिया और युवक का शव कार में रखकर चक्काजाम कर दिया। हाटपिपलिया विधायक, एडिशनल एसपी, एसडीएम, तहसीलदार की समझाईश के बाद जाम खुला और युवक के शव का डॉक्टरों की पैनल ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों की मांग थी कि मामले में मजिस्ट्रीयल जांच की जाए, डॉक्टरों की पैनल से पोस्टमार्टम हो, और जिस डॉक्टर की लापरवाही से युवक की मौत हुई है उस पर कार्रवाई की जाए।

जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व जिले के हाटपिपलिया थाना क्षेत्र के ग्राम रोजड़ी में शुभम पिता कमल सिंह राजपूत उम्र 22 वर्ष का स्वास्थ्य खराब होने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए थे। यहां डॉक्टरों ने उसे ब्लड कम होना बताया था। डॉक्टरों ने ब्लड की जांच के लिए उसे अमलतास अस्पताल भेजा था, उसके बाद उसे जिल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया। परिजनों का आरोप है कि शुभम का ठीक से जिला अस्पताल में उपचार नहीं हुआ और डॉक्टरों ने उपचार में लापरवाही बरतने के कारण उसकी मौत हो गई। इसके बाद शनिवार सुबह परिजनों ने अस्पताल में हंगामा दिया और तोड़फ़ोड़ कर दी। इमरजेंसी वार्ड के समीप काउंटर में कम्प्यूटर, प्रिंटर सहित अन्य सामान जमींन पर फेंक दिया। परिजनों ने काफी देर तक अस्पताल में हंगामा किया। अस्पताल में हुई घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। परिजनों की मांग थी कि किसी उच्चाधिकारी को बुलाया जाए। काफी देर तक कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा तो परिजन युवक के शव को निजी कार में लेकर अस्पताल चौराहे पर पहुंचे जहां उन्होंनें चक्काजाम कर दिया। परिजनों ने बताया था कि मृतक शुभम के पिता कमल सिंह राजपूत कुछ वर्षों से लकवे की बिमारी से ग्रसित है। उनके तीन बच्चे हैं शुभम का एक भाई व एक बहन है। बहन की कुछ दिनों पूर्व ही सगाई हुई थी। शुभम व उसका भाई मजदूरी करते हैं।

नकी माँ भी काम करके घर चलाती है। परिजनों ने बताया कि शुभम की इस तरह मौत होने के बाद परिवार टूट गया है। मृतक शुभम का शव कार में लेकर अस्पताल के चौराहे पर गए, कार में मृतक की (बहन) भुआ की लडक़ी थी, परिजनों ने अस्पताल चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलने पर एसडीएम बिहारीसिंह, तहसीलदार सपना शर्मा मौके पर पहुंचे जहां परिजनों को काफी देर तक समझाईश दी लेकिन परिजन नहीं माने, इधर करणी सेना के कई लोग अस्पताल चौराहे पर पहुंचे थे उन्होनें भी चक्काजाम कर दिया। अधिकारियों की समझाईश के बाद भी परिजन नहीं माने तो शव लेकर उज्जैन रोड़ चौराहे पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप पहुंचे वहां भी चक्काजाम कर दिया। यहां काफी देर तक परिजन व करणी सेना के युवकों ने हंगामा कर दिया था। यहां एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदोरिया पहुंचे उन्होंनें भी परिजनों व समाज के युवाओं को समझाईश दी। काफी देर से हाटपिपलिया क्षेत्र के विधायक मनोज चौधरी भी पहुंचे उन्होंनें भी परिजनों को समझाईश दी। कुछ देर के बाद परिजनों की मांगे अधिकारियों ने मानी उसके बाद मामला शांत हुआ। उज्जैन रोड़ चौराहे पर मौजूद अधिकारियों से चर्चा के दौरान परिजनों की मांग थी कि शुभम की मौत की मजिस्ट्रीयल जांच हो, उसका पोस्टमार्टम डॉक्टरों की पैनल से हो, जिस डॉक्टर ने शुभम के उपचार में कोताही की है उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाए सभी बातें लिखित में परिजनों ने ली। अधिकारियों ने परिजनों की मांगे मानी उसके बाद चक्काजाम खोला गया।

शुभम के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय लाए जहां डॉक्टरों की पैनल से उसका पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। एसडीएम बिहारी सिंह ने बताया कि परिजनों की जो भी मांगे थी उन्हें मान ली गई है। मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मृतक के परिवार को रेडक्रॉस की और से आर्थिक रुप से 20 हजार रुपए की सहायता की गई है। हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी ने भी विधायक निधि से 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की बात कही है। मजिस्ट्रीयल जांच होने के बाद जो भी दोषी होगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

#### युवक के मौत की जांच होगी

जिला अस्पताल सीएमएचओ शिवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि शुभम को अस्पताल में भर्ती किया था, उसकी मौत कैसे हुई है उसकी जांच की जा रही है। पांच डॉक्टरों की पैनल से उसका पोस्टमार्टम किया गया है। मृतक के शरीर में 4 ग्राम ही ब्लड था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जिला योजना और सांख्यिकी कार्यालय द्वारा मनाया गया सांख्यिकी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला योजना अधिकारी अर्चना टोकेकर ने बताया कि जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय द्वारा कुशाभाउ ठाकरे स्टेडियम देवास में सीएससी के जिला प्रबंधक, जनअभियान परिषद एवं उनके अधिनस्थ एनजीओ के साथ सांख्यिकी दिवस मनाया गया । कार्यक्रम में जिला योजना अधिकारी अर्चना टोकेकर द्वारा निर्णय लेने के लिए डेटा का उपयोग पर प्रकाश डाला गया एवं कार्यालयीन समस्त कर्मचारियों द्वारा वर्तमान में उनके द्वारा संकलित किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के समंक यथा- जन्म मृत्यु, एन.एस.एस., ए.एस.आई., आई.आई.पी., कृषि, शिक्षा एवं उससे तैयार किये जाने वाले जिले के सांख्यिकी प्रकाशनों की जानकारी प्रस्तुत की गई, जिनका उपयोग संबंधित क्षेत्र के रिसर्च स्कॉलर एवं सांख्यिकी विदों द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन अनिल जोवन द्वारा किया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रो प्रशांत चंद्र महालनोबिस के सांख्यिकी में उल्लेखनीय योगदान के सम्मान में भारत सरकार ने प्रत्येक वर्ष 29 जून को उनकी जयंती के अवसर पर इसे राष्ट्रीय स्तर पर मनाये जाने वाले विशेष दिवसों की श्रेणी में रखते हुए सांख्यिकी दिवस के रूप में नामित किया है। 2007 से हर वर्ष समकालीन राष्ट्रीय महत्व के विषय के साथ सांख्यिकी दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 18वे सांख्यिकी दिवस 2024 का विषय "निर्णय लेने के लिए डेटा का उपयोग" है।

## सरकारी विद्यालय को प्रदान किए 80 फर्नीचर सेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




मेरी शाला संपूर्ण शाला अभियान के तहत विश्व प्रसिद्ध सन फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड देवास ने सी.एस.आर. कार्यक्रम के अंतर्गत 29 जून को शासकीय प्राथमिक विद्यालय इटावा जिला देवास को 80 फर्नीचर सेट निशुल्क प्रदान किए। इन फर्नीचर सेट पर प्राथमिक स्तर के कक्षा पहली से पांचवी तक में अध्ययनरत सभी 232 विद्यार्थी अब जमीन की जगह फर्नीचर पर बैठकर नवीन ऊर्जा एवं उत्साह के साथ अध्धयन कर पाएंगे। विद्यार्थीगण फर्नीचर को देखकर अत्यंत खुश हुए एवं दिल से धन्यवाद देते नजर आए। इस अवसर पर देवास तहसीलदार सपना शर्मा ने सन फार्मास्यूटिकल इंडस्टरीज लिमिटेड देवास के सामाजिक जिम्मेदारी की ओर बढ़ते कदमों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में डॉ राजेंद्र सक्सेना जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी, अजय सोलंकी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सन फार्मास्यूटिकल इंडस्टरीज लिमिटेड के विवेक भार्गव, शेख निसार, अशोक साहू संकुल प्रचार, किशोर वर्मा बी.आर.सी. एवं विद्यालय के छात्र, शिक्षक व पालकगण उपस्थित रहे। शिवेशचंद्र शर्मा प्राचार्य प्राथमिक विद्यालय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### संपर्क एप पर कार्य के विरोध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका मिनी संघ का प्रदर्शन 1 जुलाई को

**देवास।** सम्पर्क एप पर कार्य करने के विरोध में भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध मप्र आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका मिनी संघ द्वारा 1 जुलाई को प्रातः 11 बजे से प्रदर्शन किया जाएगा। मप्र आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका मिनी संघ की जिला प्रभारी रामू जमोडिया ने बताया कि भोपाल चौराहा स्थित शिवाजी पार्क में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक प्रदर्शन किया जाएगा। जिसके पश्चात प्रदर्शन कर रैली के रूप में जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। आंदोलन में जिले की सभी आंगनबाड़ी एवं सहायिका मिनी संघ कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। जिला प्रभारी ने बताया कि सम्पर्क एप पर कार्य करते हैं तो दो ऐप पर एक साथ कार्य करना पड़ेगा, जिससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का कार्य बहुत अधिक बढ़ जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संपर्क एप पर उपस्थित एवं अन्य दैनिक गतिविधियों दर्ज करने के लिए कहा जा रहा है।

## आरक्षक से मारपीट के मामले में न्यायालय ने सुनाई सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आरक्षक के साथ हुई मारपीट के मामले में न्यायालय ने चार अभियुक्तों को पांच-पांच वर्ष के सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। औद्योगिक क्षेत्र देवास में नवंबर 2021 को आरक्षक विकास पटेल के साथ मारपीट करने के मामले में शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय देवास ने चार अभियुक्तों राहुल पवार पिता गजराज सिंह पवार, सौरभ डोंगरे पिता तेजानंद डोंगरे,गोकुल राठौर पिता बाबूलाल राठौर व अतुल शर्मा पिता दिलीप शर्माको दोषी करार दिया है।विकास को पूरे शरीर पर चोट आई थी। सूचना पर से थाना औद्योगिक क्षेत्र के अपराध क्रमांक 1050/2021, अन्तर्गत धारा 364, 353, 332, 342, 294, 506, 34 दण्ड संहिता का प्रकरण का पंजीबद्ध कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। जिसमें प्रकरण में अभियोजन के द्वारा कुल 12 गवाह कराए गए। उक्त प्रकरण में माननीय प्रधान सत्र न्यायाधीश जिला देवास के द्वारा आरोपी राहुल पिता गजराज सिंह, सौरभ पिता तेजेंन्द्र डोगरा, गोकुल पिता बाबूलाल राठौर एवं अतुल पिता दिलीप शर्मा को धारा 333 भादवि में 5 वर्ष का सश्रम कारावास तथा 5000/-रूपए अर्थदण्ड एवं धारा 364 में 5 वर्ष का सश्रम कारावास और 5000/-रूप्ए अर्थदण्ड तथा धारा 342 एक वर्ष का सश्रम कारावास रूपए 1000/- रूपए का अर्थदण्ड अधिरोपित किया।

## राष्ट्रीय शिक्षा महोत्सव भोपाल में हुआ संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

शिक्षाविद गिजूभाई बधेका सम्मान व शिक्षाविद गुलाब चौरसिया के जन्म शताब्दी वर्ष 2024 में पंडित श्याम सुंदर शर्मा क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान श्यामला हिल्स भोपाल में ₹₹राष्ट्रीय शिक्षा महोत्सव ₹₹का आयोजन प्रोफेसर जे एस राजपूत पूर्व निदेशक एनसीईआरटी नई दिल्ली, प्रोफेसर शरद चंद्र बेहार एंड एट एक्शन, रवि प्रताप सिंह पूर्व क्षेत्रीय निदेशक एड एट एक्शन साउथ एशिया कोलंबो, प्रोफेसर रीता सोनावत इ. सी .सी .इ.मुंबई, जयदीप मंडल प्राचार्य शिक्षा संस्थान भोपाल, डॉक्टर के .एम. भंडारकर सी. टी. इ .एफ .नागपुर, अनिल त्रिवेदी इंदौर , प्रोफेसर नीलिमा भगवती सी. टी. इ. एफ . गुवाहाटी के आतिथ्य में संपन्न हुआ, जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में शिक्षकों की भूमिका विषय पर वृहद चर्चा हुई एवं प्रदेश के 42 जिलों से लगभग 350 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में इस वृहद आयोजन में चापडा क्षेत्र के शिक्षक कमल सिंह राजपूत , बी योगेश तिवारी , राकेश यादव , प्रेम सिंह राजपूत को अपने अपने विद्यालय को अपनी पहचान परिकल्पना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षक संदर्भ समूह के संस्थापक डॉक्टर दामोदर जैन ने कहा कि शिक्षा मे परिवर्तन केवल शिक्षक ही ला सकते हैं। हमें नई शिक्षा नीति के साथ-साथ पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से अपना कार्य करने की आवश्यकता है हमारी शाला में हमारे देश का भविष्य पल्लवित हो रहा है हमें वर्तमान समाज में शिक्षक के खोए हुए सर्वोच्च सम्मान को पुनः प्राप्त करना है। इस उपलब्धि पर बी ,आर. सी. बागली कय्यूम खान बनारसी , बी .ई .ओ . बागली एन पी सिंह, प्राचार्य हा. से. कमलापुर अनंत नागर, एवं बागली ब्लॉक के समस्त शिक्षक गणों ने हर्ष व्यक्त किया।

### शहर के निजी स्कूल में पानी संरक्षण को लेकर कार्यशाला हुई आयोजित

# घर का पानी घर में और स्कूल का पानी स्कूल में रोकें: दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के किण्डर हायर सेकण्डरी स्कूल में पानी का संरक्षण को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पारिस्थितिकी विज्ञान वैज्ञानिक एवं यूनाइटेड नेशन के आई.यू.सी.एन. कमीशन के 5 कमीशन के सदस्य डॉ. सुनील दुबे उदयपुर राजस्थान, डॉ. शेखर सरभाई मृदा वैज्ञानिक एवं सेवानिवृत टेक्नीकल डायरेक्टर सोइल एण्ड लैंड यूज सर्वे ऑफ इण्डिया नई दिल्ली से उपस्थित हुए। इस अवसर पर देवास के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजय सोलंकी व स्कूल डायरेक्टर हेमन्त वर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यशाला में डॉ. सुनील दुबे ने सिखाया कि पानी संरक्षण की जिम्मेदारी केवल नगर पालिका या शासन की नहीं है, यदि हमे पानी को बचाना है, तो घर के पानी को घर में और अपने स्कूल के पानी को स्कूल में रोकना होगा। इस हेतु उन्होने बच्चों से स्कूल में एक परकोलेशन पिण्ड बनवाया और इसमें कैसे पानी का संरक्षण होता है विस्तार से समझाया। पौधारोपण पर भी जानकारी देते हुए डॉ. सुनील का कहना था कि आज हम देख रहे है, कि हम केवल सुन्दरता की तरफ ध्यान दे रहे है, और इसके चलते अनेक विदेशी प्रजाति या सही शब्दों में घुसपैठी प्रजातियों का पौधारोपण कर रहे है, जिसके कारण हमारी देशी प्रजातियों को नुकसान हो रहा है। उन्होनें ऐसी अनेक प्रजातियों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी और तकनीकी का सही इस्तेमाल करते हुए उसे पहचानने का तरीका बताया। उन्होनें एक पेड़ को कैसे लगाया जाना चाहिए, उसका गढ्ढा कितना गहरा होना चाहिए इसकी भी जानकारी बच्चों को दी। डॉ. सुनील ने किसी सर्वे कार्य को करने के लिए कैसे गूगल अर्थ और नोट केम एप का उपयोग किया जाता है उसको सविस्तार बताया। इस अवसर पर दिल्ली से आए मृदा वैज्ञानिक डॉ. शेखर सरभाई ने मृदा पहचानने के तरीके तथा मृदा अपरदन को रोकने के उपाय पर चर्चा की। अजय सोलंकी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने इस अवसर पर किण्डर हायर सेकण्डरी स्कूल को इस पहल के लिए बधाई दी तथा अपेक्षा की कि बच्चे इस कार्य को आगे बढाएंगे। विद्यालय के डायरेक्टर हेमन्त वर्मा ने अतिथि वैज्ञानिको का सम्मान करते हुए आश्वस्त किया कि वैज्ञानिकों ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण के लिए जो उपाय बताए है उसे देवास के अलग अलग हिस्सो तक फैलाने का प्रयास करेंगें। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन हिमांशी वर्मा एवं स्वपनिल वर्मा ने किया। आभार प्राचार्य विनोद पटेल ने माना।

खबर संक्षेप

## पौधरोपण कर चलाया जागरूकता कार्यक्रम



**आष्टा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर के मार्गदर्शन में शिप्रा पटेल, प्रथम जिला न्यायाधीश, आष्टा के द्वारा 26 जून को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक, विद्यालय आष्टा में पंच-ज अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन और मीडिऐशन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में आंवला, पीपल, नीम, सहित आदि किस्मों के वृक्षों का पौधरोपण किया गया। उसके पश्चात पर्यावरण संरक्षण हेतु सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अपशिष्ट प्रबंधन कचरे के पुनः इस्तेमाल का तरीका है इसमें कचरे को नष्ट करने की बजाय इसे रिसाइकिल किया जाता है एवं मध्यस्थता संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि मध्यस्थता एक प्रमुख एडीआर का प्रकार है जिसे ऐतिहासिक रूप में पंचायत के दिनों में खोजा जा सकता है जब बुजुर्ग प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतो के आधार पर व्यक्तियों के बीच विवादों को हल करते थे। उक्त शिविर में प्राचार्य अमर सिंह परमार एवं शिक्षकगण में यमुना सेन, मनीषा माहेश्वरी, संदीप, महेन्द्र सिंह मालवीय, मनोज कुमार बाकड़े आदि उपस्थित रहे।

### गेल इंडिया प्लांट के लिए जमीन अधिग्रहण का किसान कर रहे विरोध

# किसानों से मिलने पहुंचे विधायक ने सुनी समस्याएं, बोले मुख्यमंत्री से करेंगे चर्चा


विधायक ग्राम बापचा, भंवरा, बागेर, भंवरी, अरनिया दाऊद, पहुंचे। इन गांव के किसानों के साथ बैठेकर उनकी समस्या सुनी और मामले को लेकर चर्चा की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मप्र सरकार के प्रयासों से आष्टा को 60 हजार करोड़ निवेश करने वाले गेल इंडिया प्लांट की स्वीकृति के बाद इस प्लांट में जिन कुछ ग्रामो के किसानों की निजी भूमि जा रही है,जो इसका विरोध कर रहे है। वही किसानों की पीड़ा,उनकी बात को आष्टा विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने मुख्यमंत्री के समक्ष,संभागीय समीक्षा बैठक में,कलेक्टर सीहोर से मिल कर सभी स्तर पर दमदारी से रखी है। आज विधायक ग्राम बापचा,भंवरा,बागेर,भंवरी,अरनिया दाऊद,पहुचे इन ग्रामो के किसानों के साथ बैठे उनकी सुनी एवं उनकी पीड़ा और मांगो को लेकर विधायक ने कहा कहा दमदारी से बात रखी उससे किसानों को अवगत कराया। विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया कि जल्दी ही इन पांचों ग्रामो से दो दो किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल को वे भोपाल ले जा कर मुख्यमंत्री श्री डॉ मोहन यादव से भेंट करायेंगे। विधायक श्री गोपालसिंह ने बताया कि उनका पूरा प्रयास है की जो प्लांट लगने वाला है उसमें हमारे किसानों की निजी भूमि कम से कम जाये, प्रयास यही है कि ज्यादा से ज्यादा सरकारी जमीन उसे उपलब्ध कराई जाए। हमारी सरकार किसानों की सरकार है,हम किसानों के हर दुख सुख में उनके साथ खड़े है। आज आष्टा विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने भंवरी में भंवरी ओर अरनिया दाऊद ग्राम के किसानों से एवं उसके बाद भंवरा,बापचा,बागेर,आदि ग्रामो में पहुच कर किसानों से मिले उनके साथ बैठक कर चर्चा की। स्मरण रहे इसके पूर्व





इस ही मामले को लेकर विधायक मुख्यमंत्री से भी मिल कर किसानों की बात उन तक पहुचा चुके है। दो दिन पूर्व भोपाल में जो संभागीय बैठक हुई थी उसमें भी विधायक ने पूरी दमदारी से अपने क्षेत्र की बात रखी है।

## लकड़ी के टुकडों से भरी पिकअप गाड़ी की जब्त

### वन अमले ने की कार्रवाई




**आष्टा।** वन विभाग ने कार्रवाई कर जब्त किया वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

वन विभाग की टीम गश्त कर रही थी। उसी समय एक पिकअप में अवैध रूप से सतकट प्रजाति की लकड़ी के गुटके ला रहा था। चेक करने पर कोई वैध कागज़ उपलब्ध नहीं करा पाया। वाहन की कीमत 4 लाख 75 हजार रुपए व लकड़ी की कीमत 3600 रुपए आंकी गई। एक पिकअप वाहन अरंडिया से आष्टा की ओर काजीखेड़ी जोड़ पर देखा गया। उसे रोकने का प्रयास किया तो वाहन चालक ओर तेजगति से भगाने लगा। जिसके पीछे वन विभाग की टीम ने किया ओर उसे पकड़ने में कामयाबी मिली। रेंजर राजेश चौहान ने बताया कि पिकअप अवैध रूप से सतकट प्रजाति की लकड़ी के गुटके ला रहा था। जिसमें आरोपी अलादीन पिता आजाद खां निवासी अरंडिया, इरफान खां पिता गफूर खां निवासी मैना के विरूद्ध अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

## समाजसेवी जमना बाई कुशवाहा का निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



वरिष्ठ समाज सेवी हंसराज कुशवाहा, जगदीश कुशवाह, कुशवाहा समाज के पूर्व पटेल किशोरी कुशवाहा, विनोद कुशवाहा की माता जमनाबाई कुशवाहा का गुरुवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान काजीपुरा गिलेती आष्टा से शमशान घाट ले जायी गई। स्व. जमना बाई कुशवाहा का अंतिम संस्कार आज नम आखों से स्थानीय शमशान घाट पर किया गया। उनके पुत्र हंसराज कुशवाहा, जगदीश कुशवाहा, किशोरी कुशवाहा, विनोद कुशवाहा ने उन्हे मुखाग्नि दी। स्व. जमना बाई के अंतिम संस्कार में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, प्रभूप्रेमी संघ के महासचिव प्रदीप प्रगति, संजय जैन किला, मानस भवन समिति अध्यक्ष सत्यनारायण कामरिया, हिन्दू सकल समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, कुशवाहा समाज पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं संरक्षक नारायण सिंह कुशवाहा, वरिष्ठ समाजसेवी किशोरी लाल कुशवाहा तुलसीराम कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि कमलेश कुशवाहा पटेल बलराम कुशवाहा, सदानंद कुशवाहा, मां पार्वती धाम गौशाला अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद नरेन्द्र कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि सुभाष नामदेव, अतीक मंसूरी, रईस शेख, महेश सोनी, कुशवाहा समाज पटेल दलकिशोर कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, मां पार्वती धाम गौशाला कोषाध्यक्ष संजय सुराणा, शेषनारायण मुकाती, राजकुमार कुशवाहा ठेकेदार, समाजसेवी अशोक कुशवाह, जितेन्द्र कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

## जावर थाना व स्टाफ क्वार्टर हो रहे जर्जर, भविष्य में हो सकती है कोई भी बड़ी दुर्घटनाः पूर्व नपा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर परिषद जावर के पूर्व अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री, व विधायक से आग्रह किया है कि जावर थाने व स्टाफ क्वार्टर का नवनिर्माण होना जरूरी है। मंत्री करण सिंह वर्मा, विधायक इंजीनियर गोपाल सिंह तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने आष्टा थाने का लोकार्पण किया। परंतु जावर नगर में बने थाने व स्टाफ क्वार्टर को लगभग 40 वर्ष हो चुका है। आज वह बहुत ही जर्जर अवस्था में है। थाने की बिल्डिंग व क्वार्टर में पुलिस कर्मियों के परिवारजन व बच्चे रहते हैं, इतनी जर्जर अवस्था में है की कभी भी वह बिल्डिंग धराशाई हो सकती है। पूर्व नपा अध्यक्ष वैद्य ने मध्य प्रदेश के संवेदनशील और मुख्यमंत्री मोहन यादव, मंत्री करण सिंह वर्मा, विधायक इंजीनियर गोपाल सिंह से आग्रह किया है कि जावर नगर के जर्जर थाने और स्टाफ क्वार्टर का भी नव निर्माण करें। पूर्व नपाध्यक्ष वैद्य ने कहा कि शासन द्वारा हमारे नगर के संपूर्ण शासकीय कार्यालय भवनों का नवनिर्माण कराया गया है। जिसके लिए हम मध्य प्रदेश शासन का धन्यवाद देते हैं परंतु जावर थाना और स्टाफ क्वार्टर जो की बहुत ही जर्जर अवस्था में है। उन पर ध्यान अभी तक नहीं दिया गया जो कि आज बहुत ही दुखद अवस्था में है पुलिसकर्मी दिन-रात जन सेवा में लगे रहते हैं। उनके लिए भी हाईटेक एवं नवनिर्मित थानों एवं स्टाफ क्वार्टरों की आवश्यकता है।

## नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य ने गुरुवार को नगर में हो रहे रोड निर्माण का निरीक्षण किया है इस दौरान उन्होंने काम को गुणवत्ता परक करने और काम में तेजी लाने के निर्देश दिए है मौके पर मौजूद नागरिकों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य ने गुरुवार को वार्ड क्रमांक 2 में सीसी रोड का निरीक्षण करने पहुंचे उन्होंने ठेकेदार से काम में तेजी लाने के निर्देश दिए और कहा कि बारिश होने से पूर्व निर्माण सही ढंग से होना चाहिए इस अवसर पर वार्ड वासी उपस्थित थे।

## नगर पालिका के एक दर्जन से अधिक कर्मचारी हुए सम्मानित, कलेक्टर ने सबको सौंपे प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगरपालिका के लगभग एक दर्जन से अधिक कर्मचारियों का कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र भेंटकर कार्य की सराहना करते हुए सम्मानित किया गया। इसी उपलक्ष्य में नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने अपने निज कार्यालय पर नगरपालिका के कर्मचारियों का स्वागत सम्मान आयोजित कर शुभकामनाएं देते हुए सभी कर्मचारियों के प्रति उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा सम्मानित कर्मचारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, उपयंत्री पी.के. साहू, अनिल धुर्वे, स्थापना प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, कमरूद्दीन, मोहम्मद इसरार, जगदीश वर्मा, सुभाष सिसौदिया, अमरदीप सांगते, संजय शर्मा, गबू प्रजापति, रमेश यादव, नारायणसिंह सोलंकी, अरूणा सोनी, आकाश चौहान, राजेश घेंघट, राकेश विश्वकर्मा, आशीष शर्मा, प्रियांक शर्मा का केसरिया दुपट्टे डालकर सम्मानित कर बधाई दी। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि जिस प्रकार आप सभी ने लोकसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत लक्ष्य अनुरूप बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है, उसी प्रकार नगरपालिका में आपको सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन समर्पित भाव से व पूर्ण निष्ठा एवं दृढ़ता के साथ कर अपनी निकाय को प्रदेश में अव्वल बनाने में योगदान दे। सभी कर्मचारी आपसी भाईचारे व सहयोगात्मक भाव के साथ कार्य करें। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षदगण डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, राजकुमार मालवीय, अरशद अली, मेहमूद अंसारी, सुभाष नामदेव, तारा कटारिया, रवि शर्मा, वैभव मेवाड़ा आदि मौजूद थे।

## ग्रामीणों को जल, स्वच्छता और समिति की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

मध्यप्रदेश जल निगम परियोजना क्रियान्वयन ईकाई की प्रबंधक जनसहभागिता अधिकारी मनेन्द्र काटियार ने ग्राम पंचायत डोडी में जनसभा के आयोजन में सहभागिता दी। जनसभा में ग्रामीण जन और समूह संगठन की महिलाएं उपस्थित हुई। जल निगम अधिकारी मनेंद्र कटियार ने जल और स्वच्छता तथा समिती के बारे में सभी ग्रामवासियों को बताया। समिति में 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी रहेगी। 25 प्रतिशत एसी एसटी और 25 प्रतिशत जनप्रतिनिधि रहेंगे। साथ ही उन्होंने बताया अगर शुद्व पानी मिलेगा और सभी व्यक्ति कई बीमारियों से बचेंगे। जिससे उनका स्वास्थ्य अच्छा रहने से पैसे व समय की बचत होगी। जिससे गांव के साथ पंचायत खुशहाल बनेगी। साई राम टेक्नो मैनेजमेंट सल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की परियोजना प्रबंधक पायल कावड़े ने बताया कि अगर सभी ग्रामीणों को पानी मिलेगा तो बच्चों को शिक्षा का स्तर बढेगा। जिससे हमारे देश की तरक्की होगी। बच्चे आने वाले कल का भविष्य है। रोजगार के अवसर बढेगे। जन जन तक यह मैसेज पहुंचना चाहिए। इस दौरान ग्रामीण लोग और आष्टा ब्लॉक समन्वयक शोभा लोधी, कृतिका उपाध्याय और मूवी लाइजर साथी रवि किशोर पलासिया, जितेंद्र करोरिया, दीपक वर्मा उपस्थित रहे।

### महावीर भवन स्थानक में विराजित है साध्वी कीर्तिसुधा महाराज

# मुक्ति पाना है तो अपने भावों को श्रेष्ठ रखोः कीर्ति सुधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जो मन के भाव होते हैं, वे भाव अगर अच्छे हैं, शुध्द हैं तो भव सुधर जाएगा। अगर वे ही भाव अच्छे नहीं हैं, तो बुरे भावों से कर्मों का बंध होगा और भव भी बिगड़ेगा। अशुध्द व बुरे आए भावों के कारण जो कर्मों के बंध बंधे हैं वे कभी भी उदय में आ सकते हैं और बांधे गए कर्मों को हमें ही भुगतना पड़ेगा। शुध्द भावना से अच्छे भावों से कर्मों का नाश किया जा सकता है, इसलिए सभी के प्रति हमेशा अच्छे भाव रखें। यह बातें महावीर भवन स्थानक में विराजित साध्वी कीर्तिसुधा महाराज ने प्रवचन के माध्यम से धर्मसभा में कहीं।

महाराज ने कहा कि मुक्ति पाना है तो अपने भावों को श्रेष्ठ रखो। भावना से व्यक्ति का उत्थान और पतन दोनों संभव है। भावना से बंधे कर्मों का नाश भी किया जा सकता है और कर्म भी बंधे जा सकते हैं। जो कर्म 84 सेकंड में हम खुशी मना कर बांध लेते हैं उन बंधे कामों को 84 लाख भव तक भोगना पड़ सकते हैं। इसलिए धर्म की दलाली करो धर्म की दलाली करने मात्र से तीर्थंकर गौत्र का बंध हो जाता है। इसलिए अपने भावों को कभी भी बिगड़ने मत दो। रोटी जले तो जलने दो, कपड़े फटे हैं, लेकिन हिम्मत मत हारो अगर रोटी जले तो जलने दो, कपड़े फटे हैं, खराब हैं तो होने दो, व्यापार बिगड़ रहा है तो बिगड़ने दो, हिम्मत मत हारो ये सब ठीक हो जाएगा। इन सब के चक्कर में भव मत बिगड़ने देना। अगर भव बिगड़ा तो सब कुछ बिगड़ जाएगा। बंधे कर्मों ने भगवान को भी नहीं छोड़ा है। भगवान महावीर स्वामीजी को भी साढ़े बारह वर्ष तक कठोर तप करना पड़ा था। कई उपसर्ग आए, परिसय सहन किए। भगवान ऋषभदेव ने भी एक हजार वर्ष तक कठोर तप, साधना की थी ओर घाती कर्मों का नाश किया।



## अनदेखी के चलते बस स्टैंड का प्रवेश द्वार हो रहा जर्जर, यात्रियों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहर के बस स्टैंड के प्रवेश द्वार पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। कई बार स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका को बता दिया लेकिन ध्यान नहीं दिया। इन गड्ढे का शुक्रवार से नगर पालिका मरम्मत कार्य कर रही है। लेकिन उसमें भी लापरवाही देखने को मिल रही है, गड्ढे में घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है। बता दें कि पिछले वर्ष भी बस स्टैंड के प्रवेश द्वार के गड्ढे की मरम्मत की गई थी, उसे समय भी घटिया सामग्री के चलते एक ही बारिश में फिर से बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे। बस स्टैंड के प्रवेश द्वार पर बीते साल भर से बड़े-बड़े गड्ढे थे। कई बार नगर पालिका के जिम्मेदारों को स्थानीय नागरिकों ने बता दिया। लेकिन उसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जाता। बारिश आते ही नगर पालिका इन गड्ढे की मरम्मत कराती है। लेकिन घटिया सामग्री के उपयोग के चलते मात्र एक माह में ही वापस गड्ढे हो जाते हैं। इन गड्ढे के कारण सबसे ज्यादा परेशानी बस स्टैंड के अंदर आने वाली यात्री बस चालकों को उठानी पड़ती है। शहर के भैया एमपी, अजय प्रजापति ने बताया है कि बस स्टैंड के प्रवेश द्वार के गड्ढे की जो मरम्मत की गई है। उसमें नगर पालिका ने लापरवाही बरती है। घटिया सामग्री के चलते यह जल्द ही उखड़ जाएगा और फिर बड़े-बड़े गड्ढे हो जाएंगे। परेशानी तो नागरिकों को ही उठाना पड़ेगी। सीएमओ राजेश सक्सेना ने बताया कि अगर बस स्टैंड के प्रवेश द्वार पर घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा होगा, तो दोबारा ठेकेदार से गड्ढे भरवाकर मरम्मत की जाएगी।

## बीआरसी जीरापुर 8 दिन में नहीं कर पाए कोई कार्रवाई, डीपीसी बोले आज ही होगी कार्रवाई

# अमानक निजी स्कूल, कॉलेज पर कब होगी कार्रवाई! खुलेआम चल रहा शिक्षा का अवैध धंधा

### शिक्षा विभाग के ढुलमुल रवैए से मिल रहा है शिक्षा माफियाओं को हौसला, सख्त कार्रवाई से बच सकता है पढ़ाई करने वालों का भविष्य






हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

कोई निजी स्कूल 10 वीं तो कोई 12वीं में प्रवेश के बड़े बड़े पोस्टर लगाकर दूर दराज क्षेत्रों के अविभावकों एवं होनहार भविष्य को गुमराह करने में लगा हुआ है। यही नहीं जिले में कई कॉलेज भी ऐसे संचालित हो रहे हैं जिनका किसी भी यूनिवर्सिटी से संबंद्ध ही नहीं है परंतु शिक्षा विभाग और उसके नुमाइंदों को इसकी चिंता ही कहां। हरिभूमि ने सबसे पहले निजी स्कूलों में हो रहे बोर्ड एडमीशिन एवं फर्जी कॉलेज के संचालन का समाचार प्रकाशित किया था। आज 8 दिन बाद भी शिक्षा विभाग के जिम्मेदार नहीं जागे हैं। इससे यह आशय लगाया जाए कि हमें सब कुछ पता है और हम जानबूझर कार्रवाई नहीं कर रहे या फिर हम नौनिहालों के भविष्य को लेकर बेफिक्र हो चुके हैं।

### बीआरसी बोले - सोमवार को करेंगे कार्रवाई

हालात यह है कि जब बीआरसी जीरापुर गजेन्द्र शर्मा से बात की गई तो उन्होनें बताया कि वह सोमवार को कार्रवाई करेंगे। पहली बात तो यह की क्या बीआरसी समाचार प्रकाशन का इंतजार कर रहे थे उसके बाद कार्रवाई करेंगे। यह तो उनके कार्य का एक हिस्सा है फिर भी समाचार प्रकाशित हुआ 20 जून को और कार्रवाई होगी जुलाई में। यह विभाग के जिम्मेदारों की कार्यशैली को बताने के लिए काफी है।

### जांच की जाएगी

इस तरह के जितने भी संस्थान हैं उनकी जांच करवाई जाएगी और उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**आरके यादव**, डीपीसी राजगढ़

### वास्तविकता से दूर, भ्रामक प्रचार कर किए जा रहे नए एडमिशन

*कोई निजी स्कूल इंग्लिश मीडियम होने का दावा कर रहा है तो कोई सीबीएसई पैटर्न, कोई फीस में डिस्काउंट की बात कर रहा है यह सभी ग्रामीण अविभावकों को गुमराह करने में लगे हुए हैं। ऐसे में अविभावकों पर बड़ी जिम्मेदार हो जाती है कि वह किस शैक्षणिक संस्थान को चुने। देखा जाए तो माचलपुर नगर में मां दुर्गा एकेडमी के नाम से एक निजी स्कूल संचालित है जिसके पास कक्षा 8 वीं तक की मान्यता है परंतु पिछले कई सालों से व इस बार फिर 10 व 12 बोर्ड की मान्यता नहीं होने के बाद भी बेधडक 12 प्रवेश तक का प्रचार किया जा रहा है। वहीं बडगांव को स्वामी विवेकानंद स्कूल के भी यही हाल है उनकी मान्यता भी मिडिल तक है परंतु वह भी 10वी तक के प्रवेश ले रहे हैं।*




### बिना यूनिवर्सिटी से संबंद्ध हुए चल रहे हैं कॉलेज!

*बोडा में बस स्टेंड पर जिला सहकारी बैंक के पीछे संचालित होने वाले अवैध कॉलेज जो ग्रेजुएशन से लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन तक कराने का दावा कराने का दावा कर रहा है। उसका किसी भी यूनिवर्सिटी से कोई सम्बद्धता ही नहीं है फिर भी बैखौफ होकर प्रवेश प्रारंभ के होर्डिंग्स लगाए गए हैं। 20 जून के समाचार के बाद संचालक ने प्रमाण पत्र भेजा जो महर्षि महेश वेद विश्वविधालय का था परंतु बह भी 2015 में समाप्त हो चुका है। ऐसे में इन फर्जी कॉलेज संचालकों पर भी सख्त कार्रवाई होना चाहिए।*

# 16 लाख के आर्थिक सहायता घोटाले की शिकायत अब ईओडब्ल्यू में, एक लिपिक हो चुका सस्पेंड

## जांच में दोषी अधिकारियों को 'अभय'


जांच में हुआ खुलासा, सभी की संलिप्तता से की गई 16 लाख की गड़बड़ी
16 लाख रुपए का घोटाला, तत्कालीन तहसीलदार और टीओ भी निकले दोषी
एक ही सहायता प्रकरण में 4 बार हुआ है भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतकों के परिजनों को मिलने वाली 4 लाख की आर्थिक सहायता के एक मामले में राजगढ़ तहसील में बड़ा घोटाला उजागर हुआ था। एक ही मृतिका के प्रकरण में तहसील के जिम्मेदारों ने चार बार अलग-अलग इस तरह कुल 16 लाख का भुगतान करवा दिया।

जब मामला सामने आया तो कलेक्टर के निर्देषों के उपरान्त तहसील के लिपिक दीपक मेहर को सस्पेंड कर दिया गया। इसके साथ ही पूरे मामले कल जांच भी करवाई गई। एक साल पूर्व हुई इस जांच में जांचकर्ता अधिकारियों ने तत्कालीन तहसीलदार एवं तत्कालीन जिला कोषालय अधिकारी की संलिप्तता भी बताई थी। जांच रिपोर्ट में स्पष्टतः उल्लेख था कि लिपिक के साथ ही उक्त दोनों अधिकारियों की मिलीभगत भी इस पूरे गड़बड़झाले में परीलक्षित होती है।

### जिले में कार्रवाई दबी, अब ऊपर हो रही शिकायत

जांच में जिन-जिन अधिकारियों को दोषी पाया गया था उनके दोष तो सिद्ध हो गए लेकिन कार्रवाई किसी पर नहीं हुई। ऐसे में अब भाजयुमो जिलाध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि केपी पंवार ने ईओडब्ल्यू में इस भ्रष्टाचार की शिकायत करने जा रहे हैं। पंवार ने बताया कि अगर जिले के अधिकारी इस तरह मप्र शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाते रहेंगे तो कैसे चल पाएगा। इसीलिए आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, भोपाल में की जा रही है।

### यह था पूरा मामला

साल 2019 में करनवास निवासी मृतिका गीताबाई के सहायता प्रकरण में तहसील कार्यालय से मृतिका के वैधवारिसों को 4 लाख का भुगतान किया गया। गीताबाई के ही प्रकरण में राजगढ़ तहसील ने तीन और प्रकरण बनाकर कोषालय में भुगतान के लिए भेजे और भुगतान भी हो गया। ऑडिट में यह गड़बड़ी सामने आई और पूरा मामला सबके सामने आया लेकिन जांच दबा दी गई।

**डॉक्टर बाहर चला रहे निजी अस्पताल**

# शासकीय अस्पताल में तीन डॉक्टर होते हुए भी डेंटल मशीन खा रही है धूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



नगर में सौ बिस्तर का सिविल अस्पताल प्राथमिक उपचार ही दे सकता है। बाकी बीमारियों के लिए शाजापुर, उज्जैन, इंदौर ही जाना पड़ता है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा स्वास्थ सुविधा को लेकर कई प्रकार की योजनाएं जैसे भवन डॉक्टर उपकरण आदि अनेक ऐसी व्यवस्था की है जिन पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा चुके हैं बदले में बड़े शहरों को छोड़ दिया जाए तो स्थानीय स्तर पर शासन का करोड़ों रुपया बर्बाद होने के बाद भी लोगों को स्वास्थ सुविधा का लाभ नही मिल रहा है।

यही हाल सारंगपुर के सिविल अस्पताल का है। अस्पताल में यू तो डॉक्टरों की कमी है ऊपर से ऐसे डॉक्टर की भर्ती हुई है जो किसी भी दृष्टि से पदस्थ होते हुए भी न के बराबर है। सारंगपुर में तीन डॉक्टर डेंटिस्ट दांतो के इलाज के लिए नियुक्त है लेकिन तीनों डॉक्टर ड्यूटी पर मरीज के देखे बिना ही टाइम पास कर रहे हैं। ऐसा क्योंकि अस्पताल में लाखो रुपए के उपकरण धूल खा रहे हैं। इस और न तो अस्पताल प्रबंधन ध्यान दे रहा हैं और न ही संबंधित डॉक्टर अस्पताल में नेत्र सुविधा के नाम पर एक कमरे में कैबिन बना है जिस पर नेत्र चिकित्सालय लिखा है अंदर मशीन धूल खा रही हैं बाहर ताला लटका हुआ है ऐसे में दंत रोगी परेशान होकर अस्पताल के सामने प्राइवेट दंत चिकित्साको, के पास मोटी रकम देकर इलाज करवा रहे हैं हद तो तब हो गई की सरकारी अस्पताल में पदस्थ डेंटिल डॉक्टर खुद भी प्राइवेट दवाखाना खोलकर बैठे हैं क्या स्वास्थ विभाग या जनप्रतिनिधि इस और ध्यान देंगे।

### जांच की जाएगी

अस्पताल में डेंटिस्ट संबंधित उपकरण मंगाए गए हैं। ओपीडी चालू कर ली गई है। अगर डॉक्टर बाहर अस्पताल चला रहे तो जांच की जाएगी।

**डी बड़ोदिया**
ब्लाक मेडिकल ऑफिसर सारंगपुर।

### भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा ने पौधरोपण किया

**जीरापुर।** डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को स्मृति दिवस के रूप में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने बालिका छात्रावास में पौधरोपण का आयोजन कर मनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से खिलचीपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक हजारीलाल दांगी, अध्यक्ष विष्णुसिंह पवांर, पवन कुशवाह नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि, कुशल मंडलोई, जगदीश वर्मा, डॉ रामचंद्र किरार, डॉक्टर विष्णु प्रसाद, दीपक मालवीय, बालचंद दुगारिया, मोहन मालवीय, बनवारी लाल मेधवाल,जीवन बागड़ी, घनश्याम मालवीय, रतन लाल मालवीय, कंवरलाल वर्मा, कमल मालवीय ,बालचंद मालवीय सहित अनुसुचित जाति मोर्चा के सदस्य मौजूद थे।

**जांच कमेटी करेगी आरोपों की जांच**

# सरपंचों के विरोध और मंत्री की चेतावनी के बाद जनपद सीईओ राजगढ़ अटैच

## नरसिंहगढ़ सीईओ को सौंपा ब्यावरा जपं का अतिरिक्त प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



सरपंचों द्वारा जनपद सीईओ के खिलाफ कमीशनखोरी के आरोप लगाते हुए खोले गए मोर्चे और मंत्री की चेतावनी के बाद सीईओ ईश्वरसिंह वर्मा को जिला मुख्यालय राजगढ़ अटैच कर दिया गया है। अब उनकी जगह नरसिंहगढ़ जनपद सीईओ राजीव मिश्रा को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अटैच पर लगे आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। वहीं सीईओ को निलंबित करने का प्रस्ताव शासन को भेजने की प्रक्रिया की जा रही हैं। राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार का अनोखा अंदाज गुरुवार को देखने को मिला है।

उन्होंने सख्त तेवर में कलेक्टर हर्ष दीक्षित को धरने पर बैठने की चेतावनी तक दे डाली। कहा जनपद सीईओ को सस्पेंड करो नहीं तो मजबूरन मैं भी सरपंचों के साथ धरने पर बैठूंगा। दरअसल राज्यमंत्री की उपस्थिति में सरपंचों ने ब्यावरा जनपद सीईओ पर 09 पंचायत के काम स्वीकृत करने के एवज में 20 प्रतिशत तक कमीशन के रूप में रिश्वत लेने सहित अन्य आरोपों को लेकर कलेक्टर श्री दीक्षित एवं जिला पंचायत सीईओ महिपकिशोर तेजस्वी ने जनपद पहुंचकर शिकायतों के आधार पर रिकार्ड खंगाला और सीईओ से सफाई मांगी, लेकिन वह अपनी सफाई नहीं दे सकें, जिस आधार पर अटैच करने की कार्रवाई की गई। जिला पंचायत सीईओ तेजस्वी के अनुसार सरपंचों की शिकायतों को देखते हुए सीईओ वर्मा को राजगढ़ अटैच कर दिया गया हैं। शिकायतों की जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया हैं। जांच के बाद दोषी पाए जाने पर निलंबित करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

सरपंच दो दिन से सीईओ के खिलाफ आंदोलनरत थे। एक दिन पहले एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, तो दूसरे दिन समीक्षा बैठक के दौरान जिला अधिकारियों सहित मंत्री के समक्ष अपनी बात रखी। इस दौरान सरपंच संघ अध्यक्ष कमलसिंह पंवार, उपाध्यक्ष दिनेश मीणा, शिव सौंधिया चाठा, सागरसिंह गुर्जर बरखेड़ी, रामचंद्र नागर पीपलहेला, कैलाश दांगी मोर्चाखेड़ी, प्रेमसिंह बना पीपलबे, लाखन यादव निबानिया, ओम प्रकाश मीणा कांसोरकला, महेश मीणा पातलापानी, विष्णु गुर्जर खजूरखाड़ी, देवीसिंह सौंधिया कटारियाखेड़ी, नवल बंजारा बेड़ाबे सहित बड़ी संख्या में पीड़ित सरपंच मौजूद थे।

### सरपंचों ने लगाए थे यह आरोप

जनपद पंचायत ब्यावरा के सीईओ वर्मा द्वारा सामग्री भुगतान के लिए 7 से 10 प्रतिशत कमीशन लिया जा रहा है। कोई भी नवीन कार्य स्वीकृत कराने के एवज में राशि की मांग की जा रही है। सीईओ ने दो जीआरएस को जोड़ रखा हैं, उनके माध्यम से वसूली का जाती है। उपयंत्री भी इसमें शामिल हैं। जियोटेक एपरूवल के लिए भी एपीओ के जरिए रिश्वत की मांग की जाती हैं, कई फोटों पेडिंग है। स्वच्छता राशि सभी पंचायतों में बांटने की वजाय कुछ पंचायतों में 20 प्रतिशत कमीशन लेकर बांट दी गई। जिन पंचायतों में मनरेगा के 20 से अधिक कार्य चल रहे हैं, उन पंचायतों के नवीन कार्य स्वीकृत नहीं किए जा रहे हैं, जबकि अन्य जिलों में यह नियम नहीं है। एक पंचायत में दो कपिल धारा कूप निर्माण की बाध्यता समाप्त की जाए, क्योंकि यह नियम अन्य जिलों में नहीं है।

# स्वच्छ भारत मिशन के स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत मलासुर अभियान जन जागरूकता रैली



**सारंगपुर।** भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत वर्तमान में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 प्रचलित है जिसमें शासन के निर्देशानुसार नगरी निकायों में 25 जून से 23 जुलाई 2023 तक शाहरी स्वच्छता आधारित एक दिवसीय सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल की उपस्थिति में मलासुर अभियान चलाया गया एवं जन जागरूकता रैली निकाली गई और लोगों को अपने घरों एवं व्यावसायिक क्षेत्र के शौचालय के सेप्टिक टैंको को हर 3 साल में साफ करवाने हेतु जागरूक किया गया एवं पंपलेट बांटे गए। जिससे मालासुर जैसे घातक बीमारी से बचा जा सके साथ ही नगर पालिका में स्वच्छता के संबंध में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त अभियान में पार्षदगण बाबूलाल अहिरवार गोपाल पाल स्वच्छता सभापति अमित गिरजे कमल शर्मा समीर मेव सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी एल एस डोडिया नोडल अधिकारी रीना सिंह गुप्ता उपयंत्री विक्की ब्राह्मणे अशोक दीक्षित राजकुमार गिरजे स्वच्छता प्रभारी सतीश कंडारे दरोगा जितेंद्र भेरवे मनीष गिरजे सहित नगर पालिका कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जिले के 124 जनशिक्षकों को ग्वालियर में दिया प्रशिक्षण

**राजगढ़।** स्कूल शिक्षा विभाग एवं राज्य शिक्षा केंद्र की मंशा है कि सरकारी स्कूलों की व्यवस्थाएं, शैक्षिक स्तर भी निजी स्कूलों की तरह हो जाए। शिक्षा में गुणवत्ता के सुधार के इसी उद्धेष्य को लेकर प्रदेश के जनशिक्षकों को अन्यत्र जिलों में भेजकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में राजगढ़ जिले के 124 जनशिक्षकों को ग्वालियर में एफएलएन(आधार बूथ साक्षरता) टेनिंग के लिए भेजा गया। गत 24 जून से कल 28 जून तक हुए पांच दिवसीय प्रशिक्षण के तहत जनशिक्षकों को शिक्षा में सुधार के लिए अनेकों बातें बताई गईं। इसके साथ ही कहा गया कि अंकुर अभियान के तहत वे जितना अच्छा अपने-अपने स्कूलों में कर सकते हैं, वेसा किया जाए। निर्देषित किया गया कि हर जनशिक्षक प्रतिदिन अपने प्रभार वाले किसी एक स्कूल में पहुंचकर पढ़ाई करवाए। इसके साथ ही बच्चों का टेस्ट भी ले। स्कूल के साथी शिक्षकों से किस तरह से अच्छा कार्य करवाया जाए, इस हेतु भी सभी को बताया गया। इस प्रशिक्षण के बाद मोबाइल ऐप से भी अपडेट होना होगा।



# भाजपा मंडल ने मुखर्जी की पुण्यतिथि पर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल सारंगपुर द्वारा बुधवार को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को स्मृति दिवस पौधरोपण कार्यक्रम के रूप में आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, पार्षद गोपाल पाल,बाबूलाल,अहिरवार, कमल शर्मा, सुनील बगवान, अमित गिरजे, महामंत्री रमेश लववंशी, करण गिरजे, जिला उपाध्यक्ष रेणु वंशकार, नरेंद्र कंडारे, मंत्री बबलू मालवीय, मंडल अध्यक्ष गोलू वाल्मिकी, महामंत्री विक्रम अहिरवार, संतोष शर्मा, अमित दुबे सहित भाजपाई मौजूद थे।

## जिला पंचायत की साधारण सभा में उठे कई मुद्दे, विधायकों ने भी रखी अपनी बातें

# शिक्षकों के जितने भी अटेचमेंट हैं उन्हें समाप्त करें: जिपं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिला पंचायत सभागार में शुक्रवार को साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया ने अपनी पहुंच से चहेते स्कूलों में पांव जमाकर बैठे अटेचमेंट वाले शिक्षकों का मुद्धा प्रमुखता से उठाया। उन्होंन शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि राजगढ़ जिले में जितने भी शिक्षकों के अटेचमेंट हैं, उन्हें तत्काल समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि शहरी स्कूलों में आवष्यकता से अधिक शिक्षकों की भरमार है और उधर ग्रामीण क्षेत्रों के दो दर्जन से अधिक स्कूलों में शिक्षक ही नहीं है। यह सब अधिकारियों और शिक्षकों की मिलीभगत से हो रहा है। ऐसे में बच्चों के हित को देखते हुए अटेचमेंट समाप्त किए जाएं। बैठक के दौरान उपस्थित मत्स्य विकास मंत्री नारायण सिंह पंवार ने विभिन्न योजनाओं की जमीनी हकीकत जानी और संबंधित अधिकारियों को कमियों को तत्काल दुरुस्त करवाने के तल्ख निर्देष दिए।

बैठक के दौरान राजगढ़ विधायक ने बरखेड़ा स्कूल का मुद्धा उठाते हुए कहा कि बरखेड़ा का स्कूल अलग स्थान पर है और उसी नाम का छात्रावास 6 किमी दूर अलग स्थान पर है। यह किसकी गलती से हुआ है। इस विसंगति से को अधिकारीगण तत्काल दूर करवाएं। बैइक के दौरान सभी विधायकों ने बिजली से जुड़ी समस्याओं का मुद्धा प्रमुखता से उठाया। राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री सड़कों के गड्डों को विभाग द्वारा तत्काल दुरुस्त करवाया जाए। अगर ऐसा नहीं किया गया तो सीधे प्रधानमंत्री को इससे अवगत कराया जाएगा।

**राजगढ़ विधायक ने आजीविका मिशन के कार्यों की जांच की रखी मांग**




### आजीविका मिशन में चल रहा है भ्रष्टाचार

*बैठक के दौरान विधायक यादव ने आजीविका मिशन में चल रहे भ्रष्टाचार की जांच कर वहां के अधिकारी संदीप सोनी के निलंबन की मांग सदन से रखी। पूरी जांच का जिम्मा जिला पंचायत सीईओ को सौंपते हुए कार्रवाई हेतु कहा गया।*

### अतिक्रमण होते ही क्यों नहीं तोड़ा जाता

*नरसिंहगढ़ के वन क्षेत्रों में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर विधायक मोहन शर्मा खासे नाराज नजर आए। उन्होंने डीएफओ से कहा कि जब आपने पूरे वनक्षेत्र में बाउन्ड्री कर रखी है तो जब कोई अतिक्रमण करता है उसे तत्काल क्यों नहीं रोक दिया जाता है। बाद में उस अतिक्रमण को हटाने में खासी परेषानियां आती हैं। उन्होंने वन विभाग को निर्देष दिए कि जहां भी वनक्षेत्र में अतिक्रमण हो उसे शुरू होते ही हटवा दिया जाए। बैठक में मंत्री श्री पंवार सहित विधायक मोहन शर्मा, विधायक हजारीलाल दांगी, जिपं उपाध्यूख पर्वत लक्ष्मीनारायण यादव सहित जिपं के सभी सदस्य, प्रतिनिधि व विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।*